# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 12.11.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर" अमर उजाला, दैनिक जागरण, आज, न्यायाधीश, परफेक्ट मिशन, भारत एकता टाइम्स,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 12.11.2025

### नक्शे से संबंधित समस्या पर तुरंत दें सूचना

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में मंगलवार को 2024-25 और 2025-26 में स्वीकृत होटलों के मानचित्र के संबंध में बैठक हुई। वीडीए वीसी ने होटल संचालकों से कहा कि निर्माण कार्यों से संबंधित किसी प्रकार की विधिक या तकनीकी समस्या पर तत्काल प्राधिकरण को सूचना दी जाए, ताकि उन्हें शीघ्र और प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जा सके। वीडीए वीसी ने बताया कि वाराणसी में होटल परियोजनाओं की प्रगति शहर की आर्थिक और पर्यटन गतिविधियों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 12.11.2025


### कमिश्नरी में डमरू आकार के ट्विन टावर का काम शुरू

जेपी पांडेय • जागरण

वाराणसी: कमिश्नरी में सात वर्ष से मंडलीय कार्यालय बनाने की योजना धरातल पर आने लगी है। कमिश्नरी में भगवान शिव के डमरू के आकार के 256.84 करोड़ रुपये से प्रस्तावित 11 मंजिला ट्विन टावर का काम शुरू हो गया है। चयनित संस्था कौंमट कंस्ट्रक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड कमिश्नरी परिसर में जेसीबी से जंगली घास को हटाने के साथ जमीन समतल कर रही है जिससे मार्किंग कर आगे का काम शुरू किया जा सके। इससे पहले वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने कार्यदायी संस्था कौंमट कंस्ट्रक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड से अनुबंध कर काम शुरू करने को कहा। वहीं, शासन ने पहली किश्त 50 करोड़ रुपये स्वीकृत करते हुए 20 करोड़ रुपये पहले ही जारी कर दिए हैं। बनने वाले ट्विन टावर में दो-दो मंजिल बेसमेंट होंगे जिससे आने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों, फरियादियों के चार और दो पहिया वाहन पार्क हो सकें। टावर में 61 विभागों के मंडलीय कार्यालय शिफ्ट किए जाएंगे।

कमिश्नरी में मंडलीय कार्यालय को लेकर करीब सात वर्ष से प्रयास चल रहा था। कभी 15 मंजिल तो कभी 17 मंजिल। दो मंजिल पार्किंग से लेकर 19 मंजिल तक मंडलीय कार्यालय प्रस्तावित हुआ। बजट अधिक होने पर परिसर में दो बहुमंजिला भवन बनाने का निर्णय लिया गया जिससे आने वाली लागत को निकालने के लिए एक भवन को प्राइवेट कंपनी को देने का निर्णय लिया गया।

दूसरे में सरकारी भवन होंगे। बनारस दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले प्रस्ताव को खारिज करते हुए शासन से बजट देने को कहा। उसके साथ कैबिनेट बैठक में 256.84 करोड़ रुपये पर मुहर लगाते हुए 50 करोड़ रुपये स्वीकृत कर दिया।



कमिश्नरी में बनने वाले मंडलीय कार्यालय का माडल • स्रोतः वीडीए



कमिश्नरी परिसर में जेसीबी से समतल की जा रही जमीन • जागरण



"मंडलीय कार्यालय के लिए निकाले गए टेंडर में टेक्निकल बीट परीक्षण में कौंमट कंस्ट्रक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड फाइनल हुआ है। कार्यदायी संस्था ने अनुबंध करने के साथ काम शुरू कर दिया है जिससे योजना कम से कम समय में पूरी हो सके। - **पूर्ण बोरा, उपाध्यक्ष, वीडीए।**

| | |
|---|---|
| भवन की ऊंचाई | 40 मीटर |
| कार पार्किंग | 610 |
| बाइक पार्किंग | 757 |
| कुल क्षेत्रफल | 6.68 एकड़ |
| निर्माण क्षेत्र | 2.6 एकड़ |

**1,367** वाहन खड़े किए जा सकेंगे अधिकारियों-कर्मियों व फरियादियों के पार्किंग में

**256** करोड़ रुपये से प्रस्तावित है नए मंडलीय कार्यालय का निर्माण, 50 करोड़ स्वीकृत, 20 करोड़ अवमुक्त

## दैनिक जागरण–दि0 12.11.2025

### होटलों का नक्शा प्राथमिकता पर करें पास : पूर्ण बोरा

**वाराणसी** : वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने निर्माणाधीन होटल परियोजनाओं की प्रगति को लेकर अधीनस्थों संग बैठक की। कहा कि होटल के लिए आनलाइन आने वाले आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। छोटी-छोटी समस्याओं को बड़ी नहीं बनाएं। आनलाइन आवेदन मानचित्र में कोई कमी होने पर एक बार सभी आपत्ति लगाएं। बार-बार आपत्ति लगाने और परेशान करने की शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई तय है। (जासं)

## आज–दि0 12.11.2025

### होटल परियोजना शहरके आर्थिक एवं पर्यटनको करता है मजबूत-उपाध्यक्ष

विप्रा उपाध्यक्ष पूर्णवोराने वर्ष-२०२४-२५ और २०२५-२६ में स्वीकृत किये गये होटलोंकी मानचित्रके संबंधमें बैठक की जिसमें ताज गैंगेज ग्रुप, द थिओसोफिकल सोसाइटी, होटल मोमेंट्स, दयाल बनारस और सेन्ट्रल होटल एवं पुलमैनके प्रतिनिधियोंसे वार्ता करनेपर उन्होंने आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि विधिक या तकनीकी मुद्देपर किसी प्रकारकी परेशानी होनेपर इसकी सूचना प्राधिकरणको दी जाय जिससे कि निर्माण कार्यमें कोई बाधा उत्पन्न न हो। वाराणसी अन्तरराष्ट्रीय पर्यटन नगरमें होटल परियोजनाओंकी प्रगति, शहरकी आर्थिक एवं पर्यटन गतिविधियोंको सुदृढ़ करनेमें भूमिका निभाती है। इसलिए परियोजनाकी गुणवत्तापर विशेष ध्यान दिया जाय। बैठकमें नगर नियोजक प्रभात कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## न्यायाधीश–दि0 12.11.2025

# निर्माणाधीन होटल परियोजनाओं की प्रगति पर समीक्षा बैठक



वाराणसी ।वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में स्वीकृत होटल मानचित्रों के संबंध में बैठक की गई।बैठक में ताज गंगेस ग्रुप, द थिओसोफिकल सोसाइटी, होटल मोमेंट्स, दयाल बनारस, सेंट्रम होटल एवं पुलमैन सहित विभिनन्‍ होटल परियोजनाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।उक्त सभी समूहों द्वारा प्राधिकरण क्षेत्र में संचालित निर्माणाधीन होटल परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी उपाध्यक्ष महोदय द्वारा ली गई। बैठक के दौरान उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों से संबंधित यदि किसी प्रकार के विधिक या तकनीकी मुद्दे उत्पनन्‍ होते है, तो उनकी सूचना तत्काल प्राधिकरण को दी जाए, ताकि उन्हें शीघ्रता एवं प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जा सके।उपाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि वाराणसी जैसे अंतरराष्ट्रीय पर्यटन नगर में होटल परियोजनाओं की प्रगति शहर की आर्थिक एवं पर्यटन गतिविधियों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, अतः सभी परियोजनाओं में गुणवत्ता एवं सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए।

## न्यायाधीश–दि0 12.11.2025

# जोन-4 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित



वाराणसी । उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-4 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी। वार्ड- नगवां के अन्तर्गत अज्ञात के द्वारा मौजा- कादीपुर,वार्ड- नगवां, थाना- रोहनिया में लगभग 5 बीघा में की अवैध प्लाटिंग बिना ले - आउट पास कराये अवैध प्लाटिंग विकशित की जा रही थी,उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धारा-27 के अन्तर्गत नोटिस की कार्यवाही की गयी थी, उक्त अवैध प्लाटिंग को अपने ध्वस्त नही किये जाने पर 11 .11 .2025 को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से प्लाटिंग ध्वस्त किया गया।मौके पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार,अवर अभियंता आदर्श निराला प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## परफेक्ट मिशन–दि0 12.11.2025

# वीडीए उपाध्यक्ष ने निर्माणाधीन होटल परियोजनाओं की प्रगति पर की समीक्षा बैठक



**परफेक्ट मिशन**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में स्वीकृत होटल मानचित्रों के संबंध में मंगलवार को बैठक की गई। बैठक में ताज गंगेस ग्रुप, द थिओसोफिकल सोसाइटी, होटल मोमेंट्स, दयाल बनारस, सेंट्रम होटल एवं पुलमैन सहित विभिन्न होटल परियोजनाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उक्त सभी समूहों द्वारा प्राधिकरण क्षेत्र में संचालित निर्माणाधीन होटल परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी उपाध्यक्ष द्वारा ली गई।

बैठक के दौरान उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों से संबंधित यदि किसी प्रकार के विधिक या तकनीकी मुद्दे उत्पन्न होते हैं, तो उनकी सूचना तत्काल प्राधिकरण को दी जाए, ताकि उन्हें शीघ्रता एवं प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जा सके। उपाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि वाराणसी जैसे अंतरराष्ट्रीय पर्यटन नगर में होटल परियोजनाओं की प्रगति शहर की आर्थिक एवं पर्यटन गतिविधियों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, अतः सभी परियोजनाओं में गुणवत्ता एवं सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए। मौके पर नगर नियोजक प्रभात कुमार उपस्थित रहे।

## भारत एकता टाइम्स–दि0 12.11.2025

# वीडीए वीसी ने जानी निर्माणाधीन होटल परियोजनाओं की प्रगति



**समीक्षा**

- बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 में स्वीकृत होटल मानचित्रों की स्थिति जानी

**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**

वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में सोमवार को निमार्णाधीन होटल परियोजनाओं की प्रगति पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 में स्वीकृत होटल मानचित्रों की स्थिति की समीक्षा की गई। इस दौरान ताज गंगेस ग्रुप, द थिओसोफिकल सोसाइटी, होटल मोमेंट्स, दयाल बनारस, सेंट्रम होटल और पुलमैन सहित विभिन्न होटल परियोजनाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने संबंधित अधिकारियों और होटल प्रतिनिधियों से निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि यदि निर्माण कार्यों से संबंधित कोई विधिक या तकनीकी समस्या उत्पन्न होती है, तो उसकी सूचना तुरंत प्राधिकरण को दी जाए, ताकि उसे प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जा सके। उन्होंने कहा कि वाराणसी जैसे अंतरराष्ट्रीय पर्यटन केंद्र में होटल परियोजनाओं का समय पर पूर्ण होना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि ये शहर की आर्थिक और पर्यटन गतिविधियों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सभी परियोजनाओं में गुणवत्ता, सुरक्षा और मानक अनुपालन का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में नगर नियोजक प्रभात कुमार समेत प्राधिकरण के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।